भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या - 395

मंगलवार, 06 फरवरी, 2024/ 17 माघ, 1945 (शक) को उत्तर दिए जाने के लिए

आठवें वेतन आयोग संबंधी जानकारी

395 श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के पैरा 1.22 पर विचार न करने और उसे अनुमोदित न किए जाने के फाइलों में दर्ज कारण क्या हैं;

(ख) क्या इस तथ्य के कारण कि सरकार वेतन आयोग संबंधी खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं है, आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी स्थिति के क्या कारण हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था द्वारा आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन न किए जाने और विगत तीस वर्षों से अभूतपूर्व मुद्रास्फीति का सामना कर रहे केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के वेतन में संशोधन न किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) : सातवें वेतन आयोग के आधार पर वेतन और भत्तों में संशोधन को अनुमोदन देते समय केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस मामले पर विचार नहीं किया है।

(ख) से **(घ)** : सरकार के पास इस प्रकार का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****